आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 22.09.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून स्थित राजभवन परिसर में ''भगीरथ उद्यान'' का उद्‌घाटन किया।
- नई जीएसटी दरें आज से पूरे देश में लागू।
- मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने राज्य के सभी जिला मुख्यालयों और महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों को हवाई संपर्क से जोड़ने के लिए तत्काल कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।
- राज्यपाल कल 'शिक्षा की बात' कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे।
- शारदीय नवरात्र आज से शुरू। प्रदेशभर के दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा–अर्चना की।

.....................

''भगीरथ उद्यान''

राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून स्थित राजभवन परिसर में ''भगीरथ उद्यान'' का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने उद्यान में स्थापित महान राजा भगीरथ की भव्य प्रतिमा का अनावरण भी किया। राजभवन स्थित ''भगीरथ उद्यान'' में लगभग 10 फीट ऊंची प्रतिमा को 8 फीट ऊँचे ग्रेनाइट चबूतरे पर स्थापित किया गया है। इसे हरिद्वार के प्रख्यात कलाकार शिवम चौरसिया ने फाइबर और रेजिन से निर्मित किया है। उद्यान में प्रतिमा के साथ विभिन्न प्रजातियों के पौधों का भी रोपण किया गया है, जो इसे हरियाली और आध्यात्मिकता से परिपूर्ण वातावरण प्रदान करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रतिमा राजभवन आने वाले प्रत्येक नागरिक और अतिथियों को कर्तव्यनिष्ठा, लोक कल्याण और भारतीय संस्कृति का संदेश देती रहेगी।

## वस्तु और सेवा कर

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार आज से लागू हो गए हैं। नए कर ढांचे के तहत, जीएसटी परिषद ने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की चार–स्तरीय संरचना से सरल बनाकर 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो–स्तरीय संरचना में बदल दिया है। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर कम करके नागरिकों को प्रत्यक्ष राहत प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले से देश भर के बाज़ार गुलजार हो रखे हैं। लोग बड़ी संख्या में वाहन और अन्य ज़रूरी सामानों की खरीददारी कर रहे हैं। आकाशवाणी से बातचीत में, नागरिकों ने जीएसटी सुधार से हुए लाभ पर अपनी प्रतिक्रिया दी और इसके लिए सरकार का आभार व्यक्त किया। देहरादून के एक निजी शोरूम के महा प्रबंधक सुदीप सिन्हा ने बताया कि वाहनों की खरीददारी के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। शोरूम में चार पहिया वाहन खरीदने आए अमन गुप्ता ने बताया कि उन्हें लगभग एक से डेढ़ लाख रुपये का लाभ हुआ है।

## उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषणों पर आधारित चार पुस्तकों, "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास" का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश–विदेश में लाखों लोगों के लिए प्रेरणा हैं। श्री राधाकृष्णन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूसरे कार्यकाल के चौथे और पाँचवें वर्ष के चुनिंदा भाषणों वाली ये पुस्तकें कई मायनों में सुशासन के प्रति उनके दृष्टिकोण को दर्शाती हैं।

## मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने राज्य के सभी जिला मुख्यालयों और महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों को हवाई संपर्क से जोड़ने के लिए तत्काल कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। आज देहरादून में आयोजित एक बैठक में मुख्य सचिव ने कार्ययोजना के सभी चरणों के लिए समय–सीमा निर्धारित करने और इसकी निरंतर निगरानी पर जोर दिया।

इसके अलावा, मुख्य सचिव ने राज्य के 13 रोजगार केंद्रों को स्वरोजगार केंद्रों के रूप में विकसित करने पर भी बल दिया।

बैठक में श्री बर्द्धन ने शिक्षा विभाग को स्कूलों में फर्नीचर की उपलब्धता के साथ ही सभी जिला मुख्यालयों और 50 हजार से अधिक आबादी वाले शहरों में जल्द पुस्तकालय की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन पुस्तकालयों का संचालन दून लाइब्रेरी की तर्ज पर सोसाइटी मोड पर किया जाए, ताकि इनके संचालन एवं रखरखाव की समस्या का हल हो सके।

शिक्षा की बात

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह कल 'शिक्षा की बात' कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को सशक्त और समावेशी बनाना है। 'शिक्षा की बात' कार्यक्रम का प्रदेशभर के 1300 विद्यालयों में सजीव प्रसारण किया जायेगा। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा' व 'मन की बात' कार्यक्रम की तर्ज पर प्रदेश में 'शिक्षा की बात' कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है।

शारदीय नवरात्र

शारदीय नवरात्र आज से शुरू हो गए हैं। नौ दिन के इस अनुष्ठान में शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा–अर्चना की जाती है। हरिद्वार जिले में चंडी और मनसा देवी, पौड़ी में धारी देवी, चमोली में नंदा देवी समेत अन्य मंदिरों में नवरात्रि के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवी के शैलपुत्री स्वरूप की आराधना के लिए पहुंचे। आकाशवाणी से बातचीत में पंडित सुरेश चंद्र शास्त्री ने बताया कि आज से शुरू हो रहे नवरात्र 2 अक्टूबर को संपन्न होंगे। शारदीय नवरात्र के पहले दिन बागेश्वर और चम्पावत जिले के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। बागेश्वर के विभिन्न मंदिरों में पहुंचे भक्तों ने कहा कि वे आज माँ शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर रहे हैं। श्रद्धालु नीलम गढ़िया ने बताया कि नवरात्र पर मंदिर में आकर उन्हें अपार शांति और ऊर्जा की अनुभूति हुई।

आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यशाला

पौड़ी स्थित डीएवी इंटर कॉलेज में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में चार दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से युवाओं को फर्स्ट रिस्पॉन्डर के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि वे आपदा के समय सीमित संसाधनों के बीच राहत एवं

बचाव कार्य को अंजाम देने में सक्षम बन सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कक्षा 9 से 11 तक छात्र–छात्रा प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रशिक्षण के पहले दिन मास्टर ट्रेनर द्वारा प्राथमिक उपचार, आपदा में बचाव के तरीके तथा आपदाग्रस्त क्षेत्र में पहुंचने के तरीकों से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।

शहीद सम्मान यात्रा

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने आज देहरादून में शहीद सम्मान यात्रा 2.0 की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में मौसम विभाग के अलर्ट को देखते हुए यह निर्णय लिया गया कि यात्रा अब पूर्व निर्धारित 22 सितम्बर की बजाय 25 सितम्बर से प्रारंभ होकर 4 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। यात्रा के दौरान सैनिक कल्याण विभाग के अधिकारी बलिदानियों के घर जाकर शहीद के आंगन की मिट्टी कलश में एकत्र करेंगे।

सैनिक कल्याण मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम से जुड़ी सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी की जाएं, ताकि यात्रा सुचारू रूप से संपन्न हो सके।